प्रेस नोट, जनपद गाजीपुर

दिनांक 26-03-2021

थाना खानपुर जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 20-03-2021 को थाना खानपुर पर एक महिला द्वारा सूचना दी गई कि घर में घुसकर उसके साथ एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा डरा धमकाकर दुष्कर्म किया गया। महिला की तहरीर के आधार पर थाना खानपुर पर मु0अ0सं0 55/2021 धारा 376,452,506 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ,नगर तथा क्षेत्राधिकारी सैदपुर के मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान सुरागरसी पतारसी से एक अभियुक्त अनिल यादव पुत्र सूराजू यादव निवासी ग्राम अमेहता थाना खानपुर गाजीपुर का नाम प्रकाश में आया। आज दिनांक 26-03-2021 को थानाध्यक्ष खानपुर मय हमराहियान क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि सूचना मिली की मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त घर से निकलकर सिधौना बाजार की तरफ जा रहा है तथा कहीं भागने कि फिराक में है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष खानपुर द्वारा सिधौना चौराहा पहुँचकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 19/20-03-2021 की रात्रि में अपने घर से मोटर साइकिल से ग्राम कोड़री सेमरा में एक व्यक्ति के घर टी0वी0 व रेड मर्करी को चुराने कि नियत से घर के अन्दर घुसा। घर की सभी लाइट जल रही थी तथा एक महिला अकेली सोयी हुई थी। महिला को देखकर मेरी नियत खराब हो गई तथा मेरे द्वारा लोहे की सरिया से महिला को डरा धमकाकर उसकी मर्जी के बिना उसके साथ दुष्कर्म किया तथा दुष्कर्म करने के उपरान्त महिला का मोबाइल नम्बर लेकर चला गया। अभियुक्त के निशानदेही पर घटना के दौरान प्रयुक्त लोहे की सरिया तथा अभियुक्त के मोबाइल व कपड़े बरामद किये गये।

गिरफ्तार अभियक्त का नाम व पता-

अनिल यादव पुत्र सूराजू यादव निवासी ग्राम अमेहता थाना खानपुर गाजीपुर।

बरामदगी का विवरण-

1- घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया।
2- अभियुक्त के कपडे व मोबाइल।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- थानाध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह थाना खानपुर गाजीपुर।
2- उ0नि0 प्रमोद कुमार सिंह, उ0नि0 सुनील कुमार शुक्ला थाना खानपुर गाजीपुर।
3- हे0का0 कमलेश सिंह थाना खानपुर गाजीपुर।
4- का0 श्रवण कुमार,का0 आकाश सिंह,का0 कुन्ज बिहारी गौड़ थाना खानपुर गाजीपुर।
5- महिला आरक्षी रोली सिंह थाना खानपुर जनपद गाजीपुर।